# पाठ - 22
# दायाँ बायाँ

---

## दायाँ बायाँ

**Q1. तुम्हारी बाई ओर क्या है?**

**उत्तर :** कक्षा की दीवार।

**Q2. तुम्हारे पीछे क्या है?**

**उत्तर :** डेस्क और कुछ छात्र।

**Q3. तुम किसके बाईं ओर बैठे हो?**

**उत्तर :** मैं अंकित के बाई ओर बैठा हूँ।

**Q4. तुम्हारी दाईं ओर क्या है?**

**उत्तर :** खिड़की।

**Q5. तुम्हारी दाईं ओर कौन बैठा है?**

**उत्तर :** अंकित।

**Q6. तुम्हारे आगे क्या है?**

**उत्तर :** ब्लेकबोर्ड।

**Q7. तुम किसके दाई ओर बैठे हो?**

**उत्तर :** तनय के दाईं ओर।

**Q8. यह एक चित्र है, जिसमें रुचिरा बीच में है। अब तुम इसी में चित्र बनाओः।**


**(i)रुचिरा के पीछे किताब का।**

**(ii)रुचिरा के आगे पेड़ का।**

**(iii)रुचिरा की दाईं तरफ किसी जानवर का।**

**(iv)रुचिरा की वाई तरफ कुर्सी का।**

**उत्तर :**



**Q9. रुचिरा को घर से स्कूल पहुँचाओ।चित्र में स्कूल देखो। घर से स्कूल तक का रास्ता भी ढूँढो। अब रुचिरा के घर से स्कूल तक का रास्ता रंगीन पेंसिल से दिखाओ।**

**उत्तर :** स्वयं करे |

**Q10. रुचिरा को घर से स्कूल तक के रास्ते में कौन-कौन सी जगह और चीजें मिलेगी? उसके नाम लिखो।**

**उत्तर :** घर→ हैंडपंप के पेड़ के पार्क → कुँआ → डाक घर - बस स्टॉप - अस्पताल → दुकान → पेड़।

**Q11. इनमें से कौन-सी चीजें और जगह दाई ओर मिलेगी और कौन-सी बाई ओर ?**

**उत्तर :**



| दाईं ओर | बाईं ओर |
|---|---|
| पेड़ | हैंडपंप |
| कुँआ | घर |
| डाकघर | बस स्टॉप |
| पार्क | अस्पताल |
| | दुकान |
| | पेड़ |

**Q12. रुचिरा को घर से स्कूल जाते समय कुल कितनी बार मुड़ना पड़ेगा?**

**उत्तर :** पाँच बार।

**Q13. अगले पृष्ठ पर एक चित्र बना है। यह चित्र पहले दिए गए चित्र का छोटा रूप है। इसमें जगहों के चित्र के स्थान पर निशान बने हैं। ऐसे चित्र को नक्शा कहते हैं। निशानों को पहचानो और लिखो।**

**उत्तर :**

| निशान | जगह | निशान | जगह |
|---|---|---|---|
|  | रुचिरा का घर |  | बस स्टॉप |
|  | घर |  | डाकघर |
|  | पेड़ |  | अस्पताल |
|  | हैंडपंप |  | दुकान |
|  | पार्क |  | स्कूल |
|  | कुँआ | | |

**Q14. क्या तुम बता सकते हो कि ये निशान क्यों बनाए जाते हैं?**

**उत्तर :** नक्शे में निशान बनाना आसान होता है और उन्हें समझना भी आसान होता है। इसलिए नक्शे में चित्रों की बजाय निशानों का उपयोग होता है।

**Q15. नीचे चित्र के सामने एक सूची बनी है। इसमें तुम अपनी इच्छा से कुछ निशान (संकेत) बनाओ। ये निशान पहले वाले निशानों से अलग बनाना। अब तुम्हारे बनाए निशानों को नक्शे में भी बनाओ।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

**Q16. ऐसे कौन-कौन से चिन्ह तुम्हें अपने आस-पास दिखते हैं? उनके चित्र बनाओ। ये क्या दर्शाते हैं, यह भी लिखो।**

**उत्तर :** स्वयं करो।

**Q17. नक्शे में दिखाए निशानों की सूची बनी है। ध्यान से देखो और लिखो।**

**उत्तर :**

| | |
|---|---|
| 1. नक्शे में कितने घर हैं? | चार |
| 2. नक्शे में कितनी दुकानें हैं? | एक |
| 3. नक्शे में कितने पेड़ हैं? | पाँच |
| 4. नक्शे में कितने हैंडपंप हैं? | एक |
| 5. स्कूल पोस्टऑफिस के पास है या अस्पताल के पास? | पोस्टऑफिस के पास |
| 6. बस स्टॉप के पास क्या है? | हैंडपंप |
| 7. यदि नक्शे के साथ सूची न होती तो क्या तुम नक्शा पढ़ पाते? | नहीं |

**Q18. गणित में जो चिह्न तुमने सीखे हैं उन्हें लिखो?**

**उत्तर :** गणित के कुछ चिन्ह नीचे दिए गए हैं-

| | | | |
|---|---|---|---|
| जोड़ | + | घटाव | − |
| गुणा | × | भाग | ÷ |
| वृत्त | ○ | आयत | ▭ |